18.06.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 6.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में मॉनसून की दस्तक–इस बार सात दिन पहले मॉनसून का प्रवेश।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बारिश के मौसम में लोगों से जल संग्रहण पर विशेष ध्यान देने और हरियालो राजस्थान अभियान के लिए भी जनभागीदारी की अपील की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पाकिस्तान के साथ मुद्दों को सुलझाने के लिए किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं।
- देश में 77 करोड़ लोगों की आयुष्मान भारत स्वास्थ खाता यानि आभा आईडी बनाई गई।

0000

राज्य के कुछ भागों में आज मॉनसून पहुंच गया है। मॉनसून की दस्तक के साथ ही लोगों का बारिश का इंतजार खत्म हुआ। गुजरात के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र आज राज्य के बाड़मेर, जोधपुर और जयपुर से होकर गुजर रहा है और इसके आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने राज्य में अधिकतर स्थानों पर अगले दो–तीन दिन में बारिश की संभावना जताई है।

..........................

पाली, सीकर, अलवर, टोंक, जालौर, जोधपुर और जयपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में आज गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात और तेज अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट बताया गया है। वहीं 14 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच कोटा और चूरू में रिमझिम बारिश से ठण्डक छा गई। मॉनसून की सकियता से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी वहीं खरीफ की फसलों के लिए भी ये बारिश फायदेमंद होगी।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बारिश के मौसम में लोगों से जल संग्रहण पर विशेष ध्यान देने को कहा है। आज राजसमंद में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान समारोह में उन्होंने कहा कि सब लोग मिलकर जल संरक्षण मुहीम में भागीदारी निभायेंगे तो प्रदेश में भू–जल स्तर ऊपर आएगा। भिक्षु निलयम परिसर में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के साथ हरियालो राजस्थान अभियान में भी प्रदेशवासियों से योगदान देने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने राजसमंद झील के पास पौधरोपण भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री जालौर जिले के सांचौर पहुंचे। उन्होंने नमर्देश्वर घाट पर आयोजित कार्यकम में जल संरक्षण पर सरकार की प्रतिबद्धता दौहराई।

......................

अभियान के तहत प्रदेशभर में पानी बचाने के लिए जागरूकता कार्यकम हो रहे हैं। इसके साथ ही जल स्त्रोतों की साफ–सफाई और मरम्मत के काम भी किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सलूम्बर में सोनार माता मन्दिर परिसर में श्रमदान कार्यकम हुआ। जिला कलेक्टर सहित प्रतिभागियों ने परिसर से 200 किलो से अधिक कचरा हटाया। भीलवाड़ा में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जल पूजन कर पौधरोपण किया। वहीं झुन्झुनू में बीड क्षेत्र स्थित लवकुश वाटिका में पौधरोपण किया गया।

000

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत देश के एक लाख 43 हजार गांवों के 13 करोड़ 4 लाख किसानों को सीधे तौर पर जोड़ा गया है। आज नई दिल्ली में मीडिया से ये जानकारी साझा करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि अभियान के तहत 60 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें आदिवासी जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि अभियान का प्राथमिक उद्देश्य भूमि

और प्रयोगशालाओं के बीच की दूरी को खत्म करना है। श्री चौहान ने कहा कि इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं साझा की। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र के नवाचारों का भी प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और भारत को दुनिया की फूड बास्केट बनाने पर सरकार का खास ध्यान है।

000

सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टटैग आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करने जा रही है। इस साल 15 अगस्त से शुरू होने वाले इस पास की कीमत तीन हजार रुपये होगी। इससे देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफ़ायती यात्रा संभव होगी। ये पास लागू होने की तिथि से एक वर्ष या अधिकतम 200 यात्राओं के लिए वैध होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज झालावाड़ पहुंचे। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राज्यपाल ने अधिकारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उचित प्रसार–प्रचार करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इनकी जानकारी देने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने झालरापाटन के जैविक खेती उत्कृष्टता केन्द्र में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत भी की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से जोर देकर कहा है कि पाकिस्तान के साथ मामले सुलझाने में भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की और आगे भी नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में चर्चा की।

....................

तीन देशों के पांच दिवसीय दौरे के तहत प्रधानमंत्री श्री मोदी आज क्रोएशिया पहुंचे। देश के किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की ये पहली क्रोएशिया यात्रा है। श्री मोदी के क्रोएशिया आगमन से भारतीय समुदाय काफी उत्साहित है। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होगें। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कनानास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बैठक की। विदेश सचिव ने बताया कि भारत और कनाडा परस्पर उच्चायुक्तों की बहाली पर सहमत हो गये हैं। दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों में नई गति लाने और फिर से विश्वास कायम करने पर चर्चा की।

000

भारत डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आकाशवाणी के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से अब तक 77 करोड़ देशवासियों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता यानि ।ठभ्। पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं।

0000

11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए देश–दुनिया में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। योगा फॉर वन अर्थ–वन हैल्थ थीम पर मनाये जाने वाले इस बार के योग दिवस में ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत कई दिनों से सामूहिक योगाभ्यास, योग शिविर और जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में खुद को स्थापित कर सकता है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत कर और निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता को एकीकृत करते हुए रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि देश स्वदेशीकरण के प्रयासों में तेजी ला सकता है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा, रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा और केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिशु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने उन्हें सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करने पर जोर दिया।

000